# अभ्यास खान क्वेस्ट

**स्रोत: पी.आई.बी,**

भारतीय सेना का एक दस्ता (कुमाऊँ रेजीमेंट) **बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास "खान क्वेस्ट"** में भाग लेने के लिये **उलानबाटार, मंगोलिया** पहुँचा।

## अभ्यास खान क्वेस्ट

- **उत्पत्ति:** वर्ष **2003** में **अमेरिका** और **मंगोलिया** के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में प्रारंभ हुआ तथा वर्ष**2006 से बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना अभ्यास** बन गया।
    - वर्ष 2025 संस्करण इस अभ्यास का 22वाँ संस्करण है।
- **आयोजक:** मंगोलियाई सशस्त्र बल।
- **उद्देश्य: संयुक्त राष्ट्र चार्टर** के **अध्याय VII** के अंतर्गत **शांति स्थापना क्षमताओं**, **अंतर-संचालन क्षमता** और **सैन्य तत्परता** को बढ़ाना।
    - **अध्याय VII** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को **अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिये खतरे, शांति भंग** और **आक्रामक कृत्यों** पर कार्रवाई करने का अधिकार प्रदान करता है। यह वैश्विक शांति तथा सुरक्षा बनाए रखने या पुनः स्थापित करने के लिये **सैन्य** एवं **गैर-सैन्य** (जैसे प्रतिबंध) दोनों प्रकार के **उपायों** को अधिकृत करता है।
- **केंद्रित क्षेत्र:** अभ्यास में **संयुक्त योजना, सामरिक अभ्यास, शारीरिक दक्षता और समन्वय** शामिल हैं। इसमें **चेकपॉइंट संचालन**, **घेराबंदी** तथा **तलाशी**, **नागरिकों का निकासी अभ्यास**, **काउंटर-इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED)** निरोधक कार्रवाई एवं **हताहत प्रबंधन** जैसे अभ्यास किये जाते हैं।
- **महत्त्व:** यह **रणनीति**, **तकनीकों** और **प्रक्रियाओं (TTP)** के आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है तथा भाग लेने वाले देशों के बीच सैन्य सहयोग एवं सौहार्द को सुदृढ़ करता है।

**भारत के अन्य देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास**

| **अभ्यास का नाम** | **देश** |
|---|---|
| गरुड़ शक्ति | इंडोनेशिया |
| एकुवेरिन | मालदीव |
| हैंड-इन-हैंड | चीन |
| बोल्ड कुरुक्षेत्र | सिंगापुर |
| मित्र शक्ति | श्रीलंका |
| नोमैडिक एलीफैंट | मंगोलिया |
| शक्ति | फ्राँस |
| सूर्य किरण | नेपाल |
| युद्ध अभ्यास | अमेरिका |

**और पढ़ें:** भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-khaan-quest-1